Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to open the steel factory on the acquired land in Lakhimpur, U.P.

श्रीमती रेखा वर्मा (**धौरहरा**): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद । मेरी लोक सभा क्षेत्र धौरहरा की विधान सभा कस्ता, ब्लॉक-बेहजम, जनपद-लखीमपुर में इस्पात मंत्रालय द्वारा इस्पात फैक्ट्री की स्थापना किए जाने के संबंध में लगभग 11 वर्ष पूर्व सैकड़ों एकड़ भूमि, किसानों की अपनी भूमि क्षेत्र के विकास के लिए, नए उद्योग की स्थापना के लिए, क्षेत्र में बेरोजगारी दूर करने के लिए ली गई थी । परन्तु, इस्पात मंत्रालय द्वारा कहीं न कहीं किसानों की अनदेखी की गई है तथा भूमि अधिग्रहण के 11 वर्षों के बाद भी फैक्ट्री की स्थापना करने हेतु किसी प्रकार का कोई कार्य वहां पर नहीं किया गया है । इसके कारण क्षेत्रीय जनता को रोजगारी की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए अधिग्रहित भूमि पर इस्पात फैक्ट्री खोलने का कार्य शुरू किया जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सी.पी.जोशी को श्रीमती रेखा वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।